मूल्य के 15 प्रतिशत के स्तर तक आ जाए । वर्ष 2002 के बाद से राजसहायता राजकोषीय बजट को अंतरित कर दी जाएगी ।

तेल और प्राकृतिक गैस निगम द्वारा अर्जित लाभ

2730. **श्री कपिल सिब्बल** :

श्री राज मोहिन्दर सिहं :

क्या प्रट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि तेल और प्राकृतिक गैस निगम द्वारा विगत वर्षों के दौरान लाभ अर्जित किया गया है,

(ख) यदि हां, तो 1995-96, 1996-97, 1997-98 में अर्जित लाभ की राशि क्या क्या थी,

(ग) इन सभी वर्षों के दौरान निगम में कुल कितनी मात्रा में पूंजी निवेश की गई, और

(घ) उपयुर्क्त प्रत्येक वर्ष के दौरान निगम में कुल पूंजी निवेश की तुलना में अर्जित लाभ का अंश कितना-कितना था ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : (क) जी, हां ।

(ख) वर्ष 1995-96, 1996-97 और 1997-98 के दौरान कर पश्चात लाभ की राशि क्रमश: 1945 करोड़ रूपये, 2034 करोड़ रूपये और 2678 करोड़ रूपए रही है ।

(ग) इन तीन वर्षों के दौरान कुल 12223 करोड़ रूपए की धनराशि का निवेश किया गया है ।

(घ) वर्षों के दौरान निवेश की गई कुल पूंजी की तुलना में अर्जित लाभ (नियोजित पूंजी पर ब्याज पूर्व परन्तु कर पश्चात् लाभ) का अनुपात क्रमश: 9.6 प्रतिशत, 9.3 और 10.9 प्रतिशत है ।

पेट्रोलियम क्षेत्र में विकास

731. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया** :

श्री कपिल सिब्बल :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1998-99 में पेट्रोलियम क्षेत्र में विकास की दर लगभग 7 प्रतिशत तक हो जाने की संभावना व्यक्त की गई थी,

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या है,

(ग) क्या यह भी सच है कि चालू वर्ष के विगत छ: महीनो के दौरान पेट्रोलियम क्षेत्र में विकास की दर मात्रा 3 प्रतिशत ही है, और

(घ) यदि नहीं, तो सरकार का अनुमान क्या है और इस धीमे विकास के क्या कारण है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : (क) से (घ) तेल अर्थ बजट (ओ ई बी) 1998-99 के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों की मांग में पिछले वर्ष की तुलना में 10.7 प्रतिशत वृद्धि होने के अनुमान है । अप्रैल से सितम्बर , 1998 के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों की वास्तविक खपत वित्त वर्ष 1997-98 की समनुरूपी अवधि की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक थी । पेट्रोलियम उत्पादो की मांग के रूझान का संबंध सकल घोल उत्पाद वृद्धि के साथ है ।

Criteria For Allotment of Petrol Pump and Gas Agencies to SCs/STs

2732. SHRI GANDHI AZAD: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the criteria for the allotment of petrol pump and gas agencies to the SCs/ STs persons;

(b) the number of allottees of petrol pumps and gas agencies of SCs/STs during last three years, State-wise; and

(c) the back-log in this regard and by when new petrol pump and gas agencies are to be given to SCs/STs State-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) As per existing policy. 25% dealerships/ distributionships are reserved for SCs/ STs. SC/ST candidates are required to